हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 जिले में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के...



07 स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े का...



**खबर संक्षेप में**

### रोग निदान शिविर का आयोजन 19 को

**नलखेड़ा।** नगर परिषद नलखेड़ा के तत्वावधान में नगर में निःशुल्क नाक, कान, गला एवं सिर, मुख, गला कैंसर रोग निदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया जा रहा है। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक मरीजों की निः शुल्क जांच एवं परामर्श के साथ दवा वितरण किया जाएगा। ऑपरेशन योग्य मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर अत्यंत रियायती दरों पर वेलो ईएनटी हॉस्पिटल इंदौर में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन किया जाएगा। जानकारी देते हुए नगर परिषद नलखेड़ा अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पार्षद गोवर्धन वेदिया, पार्षद प्रतिनिधि राकेश गवली मैं बताया कि नगर परिषद के तत्वाधान में नगर में रोग निदान शिविर का आयोजन 19 सितंबर को मां बगलामुखी मंदिर मार्ग स्थित रैन बसेरा पर किया जा रहा है। मरीजों का रजिस्ट्रेशन प्रातः 9 से 12 बजे तक तथा परामर्श प्रातः 10 से 1 बजे तक होगा। शिविर में निःशुल्क नाक, कान, गला एवं सिर, मुख, गला कैंसर मरीजों की डॉक्टर संध्या जैन की प्रशिक्षित टीम द्वारा जांच कर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में शिविर में नाक कान गले की निःशुल्क जांच दूरबीन से की जाएगी। ऑपरेशन योग्य मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर अत्यंत रियायती दरों पर वेलो ईएनटी हॉस्पिटल इंदौर में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन किया जाएगा।

### अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप के लिए 30 तक ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के लिए 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप दी जाती है। योजना का उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थक रूप से वंचित वर्ग की छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित एवं सतत बनाए रखने के उददेश्य से प्रारंभ की गई है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण में 30 सितम्बर 2025 तक आवेदन ऑनलाइन कर सकेंगे। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए छात्राओं दवारा दसवीं और बारहवीं की शिक्षा शासकीय विद्यालय से प्राप्त करना आवश्यक है। योजना के लाभ के लिए संस्था द्वारा सभी महाविद्यालय में पंजीयन के लिए सहयोग किया जा रहा है। जिसके तहत समस्त महाविदयालय में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस योजना से जुड़ी जानकारी के लिए संस्था के कर्मी आशीष कुमार सिंह, के मोबाईल नम्बर-6267432334 से संम्पर्क कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाइन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर है।

### महिला आईटीआई में 20 सितंबर तक प्रवेश

**सीहोर।** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीवीटी,एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेगें। समस्त रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है,अतः विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए। च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लें। विद्यार्थी को प्रवेश के लिए 50 रुपए का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा।

### नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, आयोजित की जाएंगी जागरुकता व साफ-सफाई से जुड़ी गतिविधियां

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ, लखुंदर नदी घाट पर की सफाई, स्वच्छ नलखेड़ा स्वस्थ नलखेड़ा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ नगर में बड़े उत्साह के साथ किया गया। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के निर्देशानुसार यह राष्ट्रव्यापी अभियान दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पखवाड़े की शुरुआत 17 सितंबर को की गई। इस अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी घाट पर विशेष साफ-सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों, सफाईकर्मियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी बाबूसिंह राजपूत ने इस दौरान आमजन से अपील की कि मां बगलामुखी मंदिर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके, इसके लिए सभी नागरिक अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का आधार है और सभी नागरिकों को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रीतेश फाफरिया, पार्षद गोवर्धन वेदिया, पार्षद देवेंद्र गुप्ता, पार्षद इसाक खां मेव, स्वसहायता समूह की कार्यकर्ता सहित समस्त सफाई मित्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगर में विभिन्न जागरूकता एवं साफ-सफाई से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, ताकि नगरवासियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाई जा सके।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**कानड़।** 17 सितंबर को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर की साफ सफाई कर और स्वच्छता का संकल्प लेकर मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष साफ-सफाई चलाकर नगर में सफाई की गई, साथ ही नगर परिषद गार्डन में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दिनेश बीजापारी, मंडल अध्यक्ष अंतर सिंह, मनीष शर्मा, मुकेश केलकर, बनेसिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत, जनप्रतिनिधियों ने की नगर में सफाई





**कानड़।** भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा 2025 राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत पुराना बस स्टैंड से दयानंद मार्ग, झंडा चौक तक साफ-सफाई चला कर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा नगर में सफाई की गई। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा आमजन से अपील की गई की अपने आसपास साफ सफाई रखें, जिससे मार्गों पर गंदगी न हो और हमारा नगर स्वच्छ नगर बने। साथ ही प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत 2.0 पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष अंतर सिंह, ओमप्रकाश पालीवाल पार्षद, बनेसिंह चौहान पार्षद प्रतिनिधि, कालूसिंह बिजापारी पार्षद प्रतिनिधि, दिनेश बीजापारी, मुकेश केलकर, मनीष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवसिंह चौहान, अमित पटवाल उपयंत्री, प्रकाश कोरवे, अशोक कुमार पाठक, बाबूलाल गुर्जर, मानसिंह गेहलोत, बालकृष्ण पाटीदार, राजेश परमार, अंकित शर्मा, तूफान सिंह सोंधिया, आनंद कुमार सोनी, सुनीता मालवीय, शुभम भारती, पंकज माली, राजेश सोनी, मुकर्रम हुसैन, बलवंत, जफर खान एवं समस्त सफाई मित्र उपस्थित थे। साथ ही झंडा चौक स्थल पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# नलखेड़ा की महिला वर्ग कबड्डी टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





शासकीय महाविद्यालय सोयत में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा की महिला वर्ग कबड्डी टीम विजेता रही एवं पुरूष वर्ग कबड्डी टीम उप विजेता रही।

कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शासकीय महाविद्यालय बड़नगर में संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में आशीष भिलाला एवं राहुल गायरी प्रतिनिधित्व करेंगे एवं शासकीय माधव महाविद्यालय उज्जैन में संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में तनीषा चौहान, भावना राठोर, प्रीति मेवाड़ा, तनिषा भिलाला, अंजना भिलाला प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जीएल रावल, क्रीड़ा अधिकारी आशीष साखंला, डॉ बलवंत सिंह दांगी, डॉ सीमा तारे, डॉ जितेन्द्र चावरे, डॉ सुखदेव बैरागी सहित स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दी।

नलखेड़ा से भी बड़ी संख्या में युवा लेंगे भाग

# नवरत्न परिवार के युवाओं का दो दिवसीय महाधिवेशन इंदौर में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जैन समाज की अग्रणी संस्था नवरत्न परिवार के युवाओं का महाअधिवेशन 20 और 21 सितंबर को मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर महानगर में सम्पन्न होगा। जिसमें मालवा, राजस्थान और बागड़ प्रदेश से हजारों की संख्या में युवा इंदौर पहुंचेंगे। आयोजन में नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा से भी 26 लोग इस अधिवेशन में शामिल होंगे और गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

यहां जानकारी नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा के अध्यक्ष राहुल कांठेड़, सचिव रवि सकलेचा और प्रदेश महासचिव राकेश दुग्गड़, जिला कोषाअध्यक्ष अरिहंत सिंघी ने बताया कि आचार्य देव मालवा भूषण, तप सम्राट नवरत्न सागर सुरिश्वर महाराजा द्वारा स्थापित नवरत्न परिवार को सुचारू रूप से आगे चलाने वाले उनके शिष्य युवा



हदृय सम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर म.सा का मालवा के स्वच्छ नगर तथा प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर शहर में चल रहे आत्मक्रांति चातुर्मास 2025 के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन एवं गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसी तारतम्य में 20 और 21 सितंबर को नवरत्न परिवार के युवाओं का महाअधिवेशन दलाल बाग में सम्पन्न होगा। जिसमें मालवा, राजस्थान और बागड़ प्रदेश से हजारों की संख्या में युवा इंदौर पहुंचेंगे। नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा से भी 26 सदस्य एवं पदाधिकारी इस अधिवेशन में शामिल होंगे और गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## नवागत कलेक्टर का किया स्वागत



**नलखेड़ा।** आगर जिले की नवागत प्रथम महिला कलेक्टर प्रीति यादव का ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष मायाराम गुर्जर ने अपने साथी भगवान सिंह गुर्जर, नटवर गुर्जर, राहुल पाटीदार, नटवर गुर्जर के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर स्वागत कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया।

### हिंदी दिवस पर हुआ काव्य गोष्ठी का आयोजन



**सीहोर।** वरिष्ठ कवि डॉ.बद्री प्रसाद शर्मा के निज निवास श्रीराम कालोनी पर भव्य कवि समागम का आयोजन किया गया। मातृ भाषा हिंदी दिवस के इस आयोजन में सर्व प्रथम वरिष्ठ कवि एवम आयोजन अध्यक्ष देवकरण पंवार, मुख्य अतिथि विनोद पंसारी सहित सभी उपस्थितजनों ने माँ वीणा वादिनी की छवि के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये।काव्य समागम का संचालन ओम प्रकाश तिवारी के द्वारा किया गया। मां की वंदना आयोजक डॉ. बद्री प्रसाद शर्मा ने की। उपस्थित कवि राम नारायण राठौर, द्वारका बंसुरिया, हरीश आर्य, जोरावर सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, काव्य समागम अध्यक्ष देव करण पंवार, मुख्य अतिथि विनोद पंसारी, समागम आयोजक डॉ. बद्री प्रसाद शर्मा ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं से हिंदी दिवस कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। काव्य समागम के सफल आयोजन के समापन पर डॉ. बद्री प्रसाद शर्मा ने सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार प्रर्दशित किया।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# संसार में नहीं आत्मा में आनंद है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

हमारे शरीर में हंस आत्मा उड़ जाने पर परिवारजन कुछ भी न कर पाएंगे। मात्र धर्म ही आपका कल्याण कर सकता है। धर्म ही शरण है, राग द्वेष के कारण हम पाप का बंध करते रहते हैं। हमारा पुण्य खत्म होने पर कोई हमारा शरण नहीं रहेगा। जिस आत्मा में पंच परमेष्ठी लीन रहते हैं, हमें भी उसी आत्मा में लीन रहना चाहिए, तभी वह आत्मा सुखी होगी। संसार में आनंद नहीं, आत्मा में आनंद है। धर्म के संस्कार प्राप्त करने से हम भी एक दिन भगवान बन सकते हैं।

दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज द्वारा बुधवार को अपने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनि श्री ने कहा कि इस जमाने में हम अन्य - अन्य स्थानों पर शरण खोज रहे हैं। जिसमें तू शरण खोज रहा है, लेकिन हमारा पुण्य खत्म होनें पर कोई हमारा शरण नहीं रहेगा। अंजना, राज वैभव में पली बड़ी। पवनंजय के साथ विवाह हो जाता है। लेकिन विवाह के बाद पवनंजय ने एक बार भी नजर उठाकर अंजना को नहीं देखा। अंजना भी पवनंजय में शरण खोज रही थी। 22 वर्ष बाद पवनंजय की दृष्टि अंजना पर गई। चकवा- चकवी पक्षी की विरह वेदना को देखकर वो अंजना को देखते हैं, तथा उनके पास जाते हैं। पुनः लोक लज्जा के कारण युद्ध भूमि में चले जाते हैं अंजना कहती आप मेरी अंगूठी





रख लो और पवनंजय युद्ध में चले जाते हैं। पवनंजय युद्ध से लौटे नहीं, इधर अंजना में गर्भ के लक्षण दिखाई देने लगे। इधर सासू मां अंजना पर शंका करती है। जिस परिवार को अंजना शरण समझ रही थी। लेकिन वो ही उस पर लांछन लगाते हैं। इस प्रकार धर्म ही शरण है। पुण्योत्य तक सभी साथ रहते हैं इसीलिए अंजना को राजमहल से बाहर कर दिया गया। एक दासी उसके साथ जाती है अब वहां माता-पिता की शरण खोजती है, लेकिन पुण्यक्षीण होने पर माता-पिता ने भी अंजना के लिए दरवाजे बंद कर लिए। जिस - जिस की हम शरण खोजते हैं उनकी भी शरण का कोई ठिकाना नहीं है। पांडवों को भी पुण्यक्षीण होने पर इंद्रपुरी जैसा राजमहल छोड़ना पड़ता है।

मुनि श्री ने कहाकि व्यक्ति कहां-कहां शरण खोजता है। बेटा पिता में शरण खोजता है, बच्चों के लिए माता-पिता के पास समय नहीं है। सब धन के पीछे भाग रहे हैं पूर्व में मां बच्चों को पर्याप्त समय देती थी अब बच्चों को मां नौकरों के पास छोड़ देती है। मुनि श्री ने कहाकि पुण्योदय होने पर सुदामा की झोपड़ी राजमहल में बदल जाती है। शरण खोजना है तो भगवान की शरण खोजो। घर संपदा में हम लगे हैं। धर्म करने से ही संसार के सारे सुख वैभव हमारे पीछे भागेंगे। अंजना शरण खोज रही थी, भटक रही थी। पंच परमेष्ठी अपने आत्म स्वरूप में लीन रहते हैं। वह आत्मा शुद्ध, बुद्ध व्यापक स्वरूप है। पंखा, ए.सी. में शरण मत खोजो अन्यथा जन्म भर दुःखी रहोगे। आत्मा को नहीं तपाने पर, लाइट नहीं रहने पर मनुष्य दुःखी रहेगा। उन्होंने कहाकि जिस आत्मा में पंच परमेष्ठी लीन रहते हैं हमें भी उसी आत्मा में लीन रहना चाहिए तभी वह आत्मा सुखी होगी। कम से कम हमें इन पंच परमेष्ठी की आराधना ही करना चाहिए। संसार में आनंद नहीं, आत्मा में आनंद है। दर्शन ज्ञान चारित्र और तप हमारी आत्मा में ही स्थित है। हमें उसी आत्मा का ध्यान करना चाहिए। भगवान की शरण में नहीं जा सकते तो कम से कम सम्यक दर्शन की शरण तो हमें जाना ही चाहिए। अरिहंत भगवान विदेह क्षेत्र में है, सिद्ध परमेष्ठी सिद्धालय में है। लेकिन उनकी प्रतिमा के दर्शन व शरण लेने से संसार सागर से हम पार जा सकते हैं।

मुनि श्री ने कहा कि धर्म के संस्कार प्राप्त करने से एक दिन हम भी भगवान हो सकते हैं। जिसने धर्म की शरण ले ली उसका कल्याण हो गया है। जन्म, जरा, रोग, भय, मृत्यु से आत्मा अपनी रक्षा स्वयं करती है। यह सभी रोग नश्वर देह में होते हैं। आत्मा त्रैकालिक शुद्ध है। न उसका जन्म होता है, न मरण होता है। हर पर्याय में आत्मा वैसी ही शाश्वत है। पर्यायों का विनाश होता है, आत्मा का नहीं। शुद्ध आत्मा ही हमारी वास्तविक शरण है।

**खबर संक्षेप**

### अभिव्यक्ति मंच ने पीएससी में चयनित मंतशा का किया सम्मान



**बागली।** अभिव्यक्ति मंच द्वारा अपने प्रतिभा सम्मान की सतत जारी श्रृंखला में ग्राम कांटाफोड़ की प्रतिभाशाली लड़की मंतशा हमीद खान को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच संरक्षक व वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी,मंच अध्यक्ष पं राकेश नागौरी, सचिव वारिस अली, शीला राठौर, जितेन्द्र चावड़ा तथा कवि मनोज दुबे ने उनके घर पहुंचकर स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किए। मंतशा का पुष्पमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनके माता-पिता के साथ आत्मीय अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।मंच विगत पच्चीस वर्ष से शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, समाजसेवा, कला, खेल आदि के क्षेत्र में स्थापित होने वाली प्रतिभाओं का सम्मान करता रहा है। इस अवसर पर बालिका के पिता जो सतपाल महाराज द्वारा संचालित मानव उत्थान सेवा समिति के माध्यम से सद्भावना और सौहार्द के लिए समर्पित है तथा माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माता का भी आत्मीय अभिनंदन किया गया।खान परिवार ने अभिव्यक्ति मंच के प्रतिभा प्रोत्साहन के इस पुनीत कार्य की प्रसंशा की तथा इससे जुड़कर अपना भी सहयोग भविष्य में प्रदान करने का संकल्प लिया।

### जीएसटी रिफॉर्म पर पीएम को भेजा प्रस्ताव



**चापडा।** बागली नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव भेजा गया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीएसटी रिफॉर्म किए जाने पर धन्यवाद प्रस्ताव भाजपा जीएसटी रिफॉर्म टोली के जिला सह संयोजक सुनील पुरोहित के हाथों प्रेषित किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ,किशोर यादव, मुकेश गुप्ता, ईश्वर प्रजापत मोहन सिंह सिकरवार नगर परिषद के पार्षद उपस्थित रहे।

### लापरवाही पर 20 संस्था प्रबंधकों का वेतन काटा

**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बैंक देवास ने बताया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में लापरवाही पर 20 संस्था प्रबंधकों का 07 दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि सभी संस्था प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में लापरवाही पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बैंक देवास ने बताया कि कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य की समीक्षा की गई थी, जिसमें 20 संस्था प्रबंधकों द्वारा कार्य में लापरवाही करना पाया गया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ, जिले भर में आयोजित हुए कार्यक्रम

# जिले में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ पर स्वास्थ्य सेवा शिविर के साथ-साथ लगाए रक्तदान शिविर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले के भैंसोला में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम का जिलास्तर पर सीधा प्रसारण नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र जिला चिकित्सालय परिसर देवास में किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक शर्मा, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अधिकारियों/कर्मचारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया एवं सेल्फी पाईन्ट पर सेल्फी ली। इस दौरान सभी से रक्त दान शिविर में सहभागिता कर जरूरतमंदो के लिए रक्त दान करने का संदेश दिया। जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 1338 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिले में आयोजित रक्तदान शिविरों में कुल 243 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय देवास में 42, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरोठा में 36, सिविल अस्पताल कन्नौद में 66, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टोंकखुर्द में 35, सिविल अस्पताल सोनकच्छ में 13, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली में 37, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खातेगांव में 14 यूनिट संग्रहित किया गया। स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के शुभारम्भ अवसर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी ने मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का शुभारम्भ किया हैं। जिसमें कई उद्योग स्थापित होंगे, इन उद्योगों से अनेकों लोगों को रोजगार मिलेगा। यह देश का पहला पीएम मित्र पार्क है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, स्क्रीनिंग, पोषण माह के साथ अनेक गतिविधियां 02 अक्टूबर तक संचालित होगा। सिंह ने कहा कि जिले में किलकारी अभियान के तहत 1400 अति कुपोषित बच्चे खोजे गये, इन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराकर 900 बच्चों को कुपोषण से निजात दिलाई गई। जिले में टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 200 व्यक्तियों को निक्षय मित्रों द्वारा पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है। जिले में लगातार आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। रक्तदान शिविरों में 2000 यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान को सफल बनाने के संपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध राष्ट्र की मजबूत नींव महिलाएं अपनी जिम्मेदारियां निभाने में सेहत और पोषण को अनदेखा कर देती हैं। इन शिविरों के माध्यम से जिले की प्रत्येक बेटी से लेकर हर अवस्था की महिलाओं को स्वस्थ रखना हमारा उद्देश्य है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने कहा कि यदि नारी स्वस्थ होगी तो उसके स्वस्थ होने के साथ ही संपूर्ण परिवार एवं अगली पीढ़ी भी स्वस्थ होगी। हमें पूरा प्रयास करना होगा कि न केवल प्रसव पूर्व जांच तथा प्रसव पश्चात जांच एवं देखभाल को वरीयता दें, अपितु किशोरावस्था से लेकर युवा एवं वृद्ध समस्त महिलाओं के स्वास्थ्य, जांच एवं देखभाल का पूरा जिम्मा उठायें। महिलाओं में खून की कमी से एनीमिया ना होने पाये इस ओर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं। शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम आनंद मालवीय, सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक शर्मा, भरत चौधरी, सुभाष शर्मा, विजय पंवार, जिला संयोजक स्वास्थ्य शिविर रूपसिंह नागर, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ आर.पी. परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, जि महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी साबिर अहमद सिद्धिकी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अधिकारियों/कर्मचारियों ने किया रक्तदान





### बागली में सेवा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**बागली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में सेवा पखवाड़े कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीअधिकारी राजस्व शिवम यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ हेमंत पटेल द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी एवं सभी उपस्थितजनो द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सेवा पखवाड़ा संयोजक द्वारा टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ सफाई के लिए अभियान चलाया गया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हेमंत पटेल द्वारा एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा रक्तदान किया गया, जिसमें कुल 21 रक्त वीर द्वारा रक्त दान किया गया। साथ ही निक्षय मित्र बनाए गए। सात टीबी मरीजों को फूड बॉस्केट का वितरित की गई। इस इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, पवन राठौर, अखिल बडोला, मुकेश गुप्ता, जहूर शाह, डॉ. दिनेश सोलंकी ,डॉक्टर अमित पुरोहित ,डॉ राहुल मीमरोठ ,डॉक्टर नीतिका महेश्वरी, डॉक्टर पपीता सोलंकी , डॉ. तूलिका धारवा, बीसीएम यतेंद्र बैरागी, राजेश गुर्जर, मानसी गुप्ता,अनिल धाकरे, राजकुमार भगोल, नेमीचंद पाटीदार ,जितेंद्र केरवाल, मनोहर यादव, मेर सिंह वास्केल , आशीष मांझी, सुनील मुजाल्दे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित एवं नागरिको सहित रक्त वीर मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन सुपरवाईजर नन्दकिशोर मोहवाल द्वारा किया गया तथा स्वागत भाषण बीई राधेश्याम चौहान ने दिया तथा आभार बीपीएम रतनसिह जामले ने माना।

### भौरासा में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया

**भौंरासा।** नगर में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बुधवार को नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। 17 सितंबर को नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा जिसमें भाजपा संगठन द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार विभिन्न जन सेवा को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसके तहत नगर के स्वास्थ विभाग में बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष टीना अनिल चावड़ा के मार्गदर्शन में मरीजों को फल वितरित किए गए एवं उनका कुशकक्षेम जाना। अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई जिसमें मरीजों को कोई समस्या न हो और तत्पर उपचार मिले। साथ ही स्वास्थ विभाग,नगर परिषद परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,भाजपा वरिष्ठ बाबूलाल डोडिया,हीरालाल चावड़ा,मांगीलाल पटेल,प्रेमचंद सेठी,गोरधन बोडाना,मनोहर यादव,बद्रीलाल लोधी,कमलसिंह यादव,बाबूजी राठौर,रमेशचंद हेडा,आरामसिंह कुमावत,कल्लू ठाकुर,प्रदीप ठाकुर,मनीष यादव,अर्जुन सेंधव,मन्नान खान,अजबसिंह धाकड़,राजेश लोधी,छोटू उस्ताद,रमेश विश्वकर्मा व आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इसी के साथ मुख्य परिषद अधिकारी प्रमिला ठाकुर,स्वास्थ विभाग डॉ. जावेद पटेल व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता प्रदीप मंत्री ने किया।





### भौंरासा वितरण केन्द्र टीम ने 18 हीटर किए जब्त



**भौरासा।** वितरण केंद्र अंतर्गत भौरासा नगर में बार-बार ट्रांसफॉर्मरो की केबल जलने की शिकायतों के निराकरण हेतु उपभोक्ताओ के परिसरो का लोड सत्यापन हेतु भौतिक निरीक्षण कार्यपालन यंत्री सोनकच्छ अंकुर गोयल के मार्गदर्शन में सहायक यंत्री उदेसिंह कटारा, कनिष्ठ यंत्री मंसूर अली, कनिष्ठ यंत्री वंदना चौहान, सुमित रैकवार एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में किया गया जिसमें ट्रांसफार्मर की एल.टी. केबल के बार बार जलने का कारण कुछ उपभोक्ताओं द्वारा हीटरों का उपयोग करना पाया गया जिस पर टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत लगभग 110 नंबर उपभोक्ताओं के घरों से 18 नंबर हीटर एवं 4 नंबर इंडक्शन, 4 नंबर पानी गर्म करने की रॉड जब्त किए गए। 18 नंबर उपभोक्ताओं के मौके पर पंचनामे बनाए गए। हीटरों को मौके पर ही नष्ट किया गया एवं उपभोक्ताओं को समझाइश दी गई। आगे से हीटर का उपयोग ना करते हुए खाना बनाने हेतु अन्य साधन का उपयोग करें।

## साहित्य समन्वय समिति व राष्ट्रीय कवि समागम समिति ने किया दो दिवसीय अयोजन

# कवि समागम में कवियों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति से गूंजा मंच




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

साहित्य समन्वय समिति के अध्यक्ष पंकज जोशी द्वारा दी जानकारी के अनुसार साहित्य समन्वय समिति एवं राष्ट्रीय कवि समागम समिति के द्वारा स्थानीय श्री महाराणा प्रताप परिसर मक्सी रोड़ देवास में अष्टम कवि समागम 2025 का भव्य रूप से आयोजन 13 एवं 14 सितम्बर को किया गया। इस साहित्यिक आयोजन में देश के 200 से अधिक नवोदित एवं स्थापित कवियों ने शिरकत कर अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। दो दिवसीय आयोजन में मां सरस्वती पूजन से प्रारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि कांग्रेस।नेता प्रदीप चौधरी,कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. मुकुंद सागर भट्ट सारस्वत, अतिथि गण प्रवीण शर्मा, एडवोकेट, पी एन तिवारी रहे। अतिथियों का स्वागत साहित्य समन्वय समिति के संरक्षक एवं नगर के वरिष्ठ कवि देवकृष्ण व्यास ने किया।द्वितीय दिवस में मुख्य आतिथ्य गायत्री राजे पंवार विधायक देवास,महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल,भरत चौधरी विधायक प्रतिनिधि,नवीन सोलंकी महामंत्री, गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा,शुभम चौहान, अशोक पोरवाल,ओम जोशी एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा नेतागण उपस्थित रहे। कवि समागम कार्यक्रम में कुल दस सत्र संपादित किए गए जिसमे अतिथि राधेश्याम सोनी, सुदेश सांगते विश्वामित्र अवॉर्डी, मनोज श्रीवास्तव (समाजसेवी एवं अधिवक्ता), प्रशांत शर्मा थे। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि के रूप में प्रकांड छंद शास्त्री वरिष्ठ कवि गुरु सक्सेना सांड नरसिंहपुरी और अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र यादवेंद्र बारा राजस्थान,काव्या मिश्र मुंबई श्री राजेंद्र सिंह बैंस, नवीन नाहर जीएस चंदेल, शब्बीर अहमद उपस्थित थे।कार्यक्रम में ठाकुर विजय बहादुर सिंह राठौड़ आभास की स्वरचित पुस्तक ₹₹ स्वसृजन एक अंतहीन यात्रा जो कि अजय सिंह बरगोदिया जे जीवन पर लिखी गई है, ममता पंडित द्वारा लिखी पुस्तक चाबियां उम्मीदों की एवं अमरप्रीत सिंह खनूजा द्वारा लिखी यार चाको पुस्तकों का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। साथ ही स्व.कवि हरि जोशी स्मृति पुरस्कार पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ (कन्नौद) एवं भोमिया चौरसिया (रीवा) को स्व. पंडित बंशीधर जोशी काव्य सम्मान क्रमशः 5100-5100 रुपए के दो पुरस्कार प्रदान किए गए। दो दिवसीय इस महोत्सव में काव्य पाठ के साथ-साथ परिचर्चा, वरिष्ठ कवियों का मार्गदर्शन, विभिन्न लेखकों की पुस्तकों का लोकार्पण, सम्मान समारोह एवं अन्य साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दैनिक कार्यो को हिंदी में संपादित करने की शपथ कुणाल जोशी ने दिलवाई।कार्यक्रम का संचालन देश की प्रख्यात दूरदर्शन एंकर एवं कवित्री सुनीता पटेल ने किया। कार्यक्रम में कवि समागम समिति के सदस्य बृजमोहन सिंह राजपूत, कैलाश मिश्रा, लक्ष्मी नारायन राजपूत, ओम जायसवाल, आशीष पवार, अतुल जाट, दीपक मालवीय आदि उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा जयंती पर नगर में निकला चल समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती बागली नगर में उत्साह के साथ मनाई गई। बुधवार को विश्वकर्मा समाजजनों द्वारा पूजन हवन कर नगर में चल समारोह निकाला गया। इस दौरान विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजजनों ने युवाओं को भगवान विश्वकर्मा के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें बताई। चल समारोह में विश्वकर्मा समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए, जो की नाचते गाते हुए चल समारोह में चल रहे थे। चल समारोह का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ। नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए चल समारोह पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचा, जहां पूजन पाठ कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान कमल विश्वकर्मा, सुरेश चंद विश्वकर्मा, मोहनलाल विश्वकर्मा, नंदकिशोर विश्वकर्मा, इंद्रदादा विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, हजारीलाल विश्वकर्मा, राधेश्याम, प्रकाश विश्वकर्मा, रमेशदास, रामेश्वर विश्वकर्मा जगदीश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा,सतीश, राधेश्याम, संतोष, गोवर्धन लाल विश्वकर्मा, शिवनारायण विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, बिहारी विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, पुष्कर विश्वकर्मा, विपिन विश्वकर्मा, लोकेश विश्वकर्मा, अल्केश विश्वकर्मा, मति दाखा कारपेंटर आदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर यश कारपेंटर, गोलू मालवीया, विशाल विश्वकर्मा, विनय विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा रक्तदान किया गया।

## खबर संक्षेप



### सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन

**ललितपुर।** अमृत योजना के तहत जल संस्थान विभाग द्वारा सड़क उखाड़कर पाइप लाइन तो डाली गयी, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गयी, जिससे लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला रैदासपुरा के लोगों ने जिलधिकारी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि अमृत योजना के तहत जल संस्थान द्वारा सड़क उखाड़कर पाइप लाइन डाली गयी और रोड आज भी उखड़ी पड़ी है। इससम्बन्ध में ठेकेदार से जब मौखिक रूप से कहा गया तो ठेकेदार ने बात को टाल-मटोल कर दिया। इसके अलावा अब नवदुर्गा महोत्सव शुरू होने वाला है, ऐसे में सड़क की मरम्मत न होने से भारी परेशानी खड़ी हो जायेगी। मोहल्लेवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये जिला प्रशासन से सड़क ठीक कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अजय कुमार, अर्जुन, मोन्टू, अनिकेत, प्रभात, नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ससुराली की दहेज में रुपए व प्लाट की मांग

**ललितपुर।** कसाब मण्डी मस्जिद के पास रहने वाली कौशर बानो पुत्री रहीश कुरैशी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका व उसकी छोटी बहन जीनत बानो का म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत वार्ड नं.2 कैंट सदर बाजार म.नं. 8/100 मस्जिद के आगे निवासी रहीश कुरैशी के यहां उनके पुत्रों के साथ 5 नवम्बर 2011 में हुआ था। शादी में उसके माता-पिता ने हैसीयत अनुसार दोनों 4-4 लाख रुपये नगद दिये थे एवं सोने चांदी के जेवरात और घर गृहस्थी का संपूर्ण सामान दिया था, जिससे दोनों बहनों की शादी करीब 50 लाख रुपये की हुयी थी। बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद उसका पति शाहिद हुसैन व बहन का पति शाहरूख हुसैन, ससुर शहजाद हुसैनदेवर शाहरूख हुसैन, ननद बुसरा व भोपाल के बेडागढ़ निवासी रजिया पुत्री शहजाद हुसैन पत्नी आरिफ खान दोनों से 1-1 लाख रुपये नकद व एक-एक प्लाट की मांग करने लगे। जब उसने अपनी बहन से कहा कि हमारे माता-पिता की इतनी हैसीयत नहीं है तो सभी ससुरालियों ने एकराय होकर उसे व उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसे एक पुत्र हुआ, जिसके बाद भी उक्त लोगों ने प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और उसकी हालत खराब होने पर उसे व उसकी बहन को 25 सितम्बर 2024 को घर से भगा दिया। आरोप है कि 14 सितम्बर 2025 को शाम करीब 4 बजे ससुरालीजन आये और घर आकर रुपये और प्लाट की मांग करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। शोरगुल होने पर मुख्तार, रफीक, जीनत, रहीश कुरैशी ने बचाया। कोतवाली पुलिस एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वृहद रोजगार मेले का आयोजन कल

**ललितपुर ।** जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों / अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि स्व० रवीन्द्रानन्द बड़ौनिया महाविद्यालय एवं प्राइवेट आईटीआई, महरौनी जनपद-ललितपुर में विधानसभा वार वृहद रोजगार मेले का आयोजन 19 सितम्बर को प्रातः 11 बजे किया जा रहा है। मेले में 1 डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड में कॉल सेन्टर व डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 38 रिक्तियां 2-ईडीयू वेंटेज, प्रालि में ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 300 रिक्तियां 3-पटेल बायो फर्टिलाइजर में सेल्स मेन पद हेतु 20 रिक्तियां 4-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 5 श्री गनेशा कन्सल्टेंट एण्ड मेनपावर सर्विसेज में लोन ऑफीसर पद हेतु 120 रिक्तियां 6-फुलफोर्स सिक्योरिटी एण्ड मेनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ललितपुर में एकाउन्टेंट एण्ड टेलीकॉलिंग एक्जीक्यूटिव पद हेतु 05 रिक्तियां 7- पुखराज हेल्थ केयर प्रालि में फील्ड एक्जीक्यूटिव पर हेतु 50 रिक्तियां 8-जीआईएस इंडिया में ट्रेनी ऑपरेटर पद है।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में किया गया आयोजन

# स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डा मंयक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान₹ के दृष्टिगत दिनांक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रथम दिवस प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में ₹स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान₹ का लाइव प्रसारण उद्घाटन समारोह एवं भारतीय जनता पार्टी व रेडकॉस सोसायटी ललितपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन के दौरान सर्वप्रथम जनप्रतिनिधि मा० सदर विधायक श्रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, जिलाध्यक्ष भाजपा पं हरिशचन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, उप प्रधानाचार्य डा श्रुति सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा गजेन्द्र सिंह, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, बब्यू राजा बुन्देला,भगत सिंह राठौर, नीतेश संज्ञा, गजेन्द्र सिंह, केदार नाथ तिवारी, अनुराग जैन, रूचिका बुन्देला, सुनीता पंथ इत्यादि की उपस्थिति में सर्वप्रथम समस्त मंचासीन पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात समस्त मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा फीता काटकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कई रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया।

### स्वस्थ्य महिला होती है तो परिवार का संचालन भी उतना ही अच्छा होता

रक्तदान शिविर के शुभारंभ के पश्चात समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा नव निर्मित 300 बेडेड चिकित्सालय के लेक्चर थेटेर में प्रधानमंत्री द्वारा लाइव प्रसारित स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन किया गया एवं प्रधानमंत्री द्वारा लाइव प्रसारित उद्घाटन समारोह का चिकित्सा महाविद्यालय में लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला द्वारा अपने उदबोधन में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के बार में संक्षिप्त जानकारी देते हुये बताया कि यदि हमारे घर में एक स्वस्थ्य महिला होती है तो घर परिवार का संचालन भी उतना ही अच्छा होता है। इसलिए हम सब को मिलकर उक्त अभियान को सफल बनाना है एवं इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, एकीकृत बाल विभाग से उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी एवं चिकित्सा महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की शपथ एवं पोषण शपथ की शपथ ली गयी। उक्त कार्यकम का संचालन डा संध्या साख्या एवं हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर नंदलाल यादव द्वारा किया गया । जनपद कार्यक्रम नोडल श्री नीरज कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय के डा एमएस राजपूत, डा डीके राज, डा अभिजात, डा रजनी रतमेले, डा मनीष कुमार माथुर, डा प्रिया जैन, डा० विमल यादव, डा० अंकिता, रेडक्रॉस सोसयटी अध्यक्ष अजय बरैया, जिला सविच रेडक्रॉस सोसायटी डा पाठक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से रजिया फिरोज आदि उपस्थित थे।

### पखवाड़े भर चलेगा कार्यक्रम



ललितपुर । सांसद अनुराग शर्मा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट एवं माननीय सदर विधायक रामरतन कुशवाहा , जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन जी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० इम्तियाज अहमद ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य की समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसके क्रम में दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025, गाँधी जयन्ती तक ₹स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं भी शामिल हैं। ₹स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टी०बी० की जांच आदि शामिल हैं। दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस है, जिसके अन्तर्गत एक मेगा कैंप आयोजित किया जायेगा। प्रसव पूर्व देखभाल (ए.एन.सी.) जांच एवं परामर्श के साथ एम.सी.पी. कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सेवाएं, किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर/जनपद स्तर पर जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता सत्र एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेगी। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सहयोग की अपील की।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

# भाजपा ने किया स्वच्छता व रक्तदान कार्यक्रम



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के संयोजन में भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई और मोर्चाओं ने आज उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत मा प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रातः घंटाघर से लेकर सावरकर चौक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया और महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों पर सफाई कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। सावरकर चौक पर सावरकर जी, स्वतंत्रता सेनानी वृजनन्दन किलेदार जी, वृजनन्दन शर्मा जी, सरदार बल्लभ भाई पटैल जी,पं परमानंद जी,श्री गणेश प्रसाद बर्णी जी आदि की प्रतिमा स्थलों पर सफाई कर महापुरुषों का माल्यार्पण भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया।इसके बाद जिला अस्पताल में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में और भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीतेश संज्ञा के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान कार्यक्रम में दो सौ पचास कार्यकर्ताओं ने रक्तदान हेतु अपनी रजामंदी से रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें युवा मोर्चा के महामंत्री राम जी कुशवाहा मड़वारी, महिला मोर्चा की महामंत्री रुचिका बुन्देला,अनुसुचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह रजक, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर सहित पैंतालीस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया ।बाकी रजिस्ट्रेशन कराने बालों ने किसी भी मरीज को आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल आकर तुरंत रक्तदान करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनैतिक दल होने के बाबजूद एक वृहद बैचारिक सोच के तहत सामाजिक सुधार की भी हामी है जो कि पं दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्मक मानववाद और अन्त्योदय से निकलता है ।इसी सोच के अन्तर्गत हमारा उच्च नेतृत्व सामाजिक बैचारिक परिवर्तन को ध्येय निष्ठा रख अन्तिम व्यक्ति तक के घर विकास की रोशनी ले जाने का प्रयासरत रहता हैं।इसी के तहत हम सामाजिक सुधार, आत्मीय सहायता,की सोच को आगे बढ़ा कर सामाजिक सुधार को भी प्राथमिकता देते हैं ताकि हम सशक्त समाज को संरक्षित कर सकें। स्वच्छता अभियान भी इसी सोच को आगे बढ़ाता है । उन्होंने कहा कि जब सब राजनीतिक दल सिर्फ चुनाव को द्रष्टिगत रख कर कार्य करते हैं तव भारतीय जनता पार्टी बैचारिकता के वृहद फलक पर आम आदमी के उत्थान के वारे में सोचती है । हमारे प्रधानमंत्री जी की सोच है कि जब हर भारतीय स्वस्थ्य, शिक्षित, राष्ट्रवादी होगा तो देश आप ही ताकतवर बनेगा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आशाओं-आकांक्षाओं के संवाहक, वैश्विक मंच पर 'नए भारत' को अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाले, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, हम सभी के मार्गदर्शक, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने वाले यशस्वी नेतृत्व कर्ता हैं ।हमारे प्रधानमंत्री जी ने पहली वार ही शपथ लेते ही स्वच्छता के महत्वता को ध्यान में रख कर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास स्वच्छता को कायम कर बहुत कुछ बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। इसके अलावा रक्तदान भी एक महत्वपूर्ण कार्य है जिससे हम बहुत से लोगों की जान बचा सकते हैं उन्होंने आम जन से अपने आसपास स्वच्छता रखने एवं रक्तदान करने की अपील की। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन जी, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, हरीराम निरंजन, निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## टीवीएस शोरूम पर हुआ सम्मान समारोह

# भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर किया सम्मान

**ललितपुर।** भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर टीवीएस शोरूम पर लायंस क्लब ललितपुर बुन्देलखण्ड यूनाइटेड डी-321 बी-2 के बैनर तले एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बुन्देलखण्ड विकास सेना अध्यक्ष हरीश कपूर टीटू मंचासीन रहे, जबकि अध्यक्षता शोरूम संचालक हेमन्त जैन रोंडा ने की। समारोह में सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस को लेकर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि सृष्टि में आधुनिक मशीनरी और छोटे-बड़े सभी औजार, जो कि सृजन करते हैं के रूप में भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन किया जाता है। भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर समाजसेवा के कार्यों में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता रूपनारायण विश्वकर्मा, चिकित्सा विभाग के रवि झां व पत्रकार अमित लखेरा को मंच से शॉल-श्रीफल,



स्मृति चिह्न व यंत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आनंद मोहन दुबे, लायन परवेज पठान, कृपाल दुबे सोनू के अतिरिक्त टीवीएस शोरूम सदस्य, कर्मचारी व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह का सफल संचालन पं.बृजमोहन संज्ञा ने किया। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार शोरूम संचालक हेमन्त जैन रोंडा ने व्यक्त किया।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत तालबेहट वृंदावन ब्लॉक में पौधरोपण किया




ललितपुर । तालबेहट रेंज के अंतर्गत तिन्द्रावन ब्लाक में सेवा पर्व का शुभारंभ किया गया जिसमें 20पौधे शीशम, सागौन, कंजी, चिलबिल, आवलां, बांस, सिरस, अल्वीजिया अमारा, नीम, जंगल जलेबी आदि के रोपित कियें गये। जिसमें ग्राम श्री आजाद सिंह यादव ग्राम प्रधान-उदगुवां, प्रतिपाल सिंह ग्राम प्रधान बम्हौरीसर, श्री हीरालाल कुशवाहा ग्राम प्रधान-तेरई के साथ अन्य ग्रामीण व महिलायें उपस्थित रहे। शगौतम सिंह, प्रभागीय निदेशक, सावा प्रभागार, ललितपुर, सतेन्द्र सिंह तोमर उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी / ललितपुर, श्री प्रभुदयाल यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, तालबेहट, रमेश कुमार पनौरिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी माताटीला, श्री पवन कुमार, वन दरोगा, राकेश आनंन्द, वन दरोगा, योति स्वामी, वन रक्षक, रंजना, वन रक्षक, शफीक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं विभाग के अधिकारियों ने वन महोत्सव के दारौन ज्यादा से ज्यादा पौध लगाने तथा उनकी देखभाल एवं सुरक्षा करने पर जोर दिया।

## आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत की संकल्पना को जानेंगे जनपदवासी

# पीएम के व्यक्तित्व पर न्यू इंडिया 2047 प्रदर्शनी शुरू

**ललितपुर।** 17 सितम्बर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उनके व्यक्तित्व, कृतित्य व न्यू इंडिया 2047 एवं प्रदेश सरकार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित 15 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का बुधवार को सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश चन्द्र रावत ने फीता काटकर शुभारंभ किया और पार्टी पदाधिकारियों व आमजन के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की प्रसंशा भी की। शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का तुवन मंदिर प्रांगण में आमजन को देखने हेतु शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री के बचपन से लेकर अब तक के जीवन संघर्षों के बारे में चित्रों के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया गया, इस अवसर पर सदर विधायक व जिलाध्यक्ष भाजपा ने बताया कि उत्तर प्रदेश केवल भारत की संस्कृति और आध्यात्मकता का केन्द्र ही नहीं है बल्कि राष्ट्र की राजनैतिक चेतना और आर्थिक आकांक्षाओं का सशक्त भाग भी है। भारत के अमृतकाल में प्रधानमंत्री ने विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश/2024 की परिकल्पना प्रस्तुत की है, यह परिकल्पना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की सामूहिक यात्रा है।




देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य के रुप में उत्तर प्रदेश इस महान संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है।

उन्होंने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति 2023 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत अगर आज दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो उत्तर प्रदेश भारत की ग्रोथ को ब्राइट करने वाला एक अहम नेतृत्व दे रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में वर्ष 2017 से 2025 के बीच उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की ठोस नीव रखी है, अब इसी आधार पर हम सभी जनपद वासियों का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे अग्रणी और विकसित राज्य बनाया जाये, इस हेतु विशेषज्ञों के परामर्श और व्यापक जनसहभागिता के साथ विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसमें आप सभी जनपदवासियों की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए दिये गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने सुझावों को अवश्य प्रस्तुत करें।

प्रदर्शनी में सभी जनप्रतिनिधियों ने पूरे जोश के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने एवं आमजन से प्रदर्शनी को देखने का आह्नवान किया। इस अवसर पर बताया गया कि यह प्रदर्शनी आमजन के अवलोकन हेतु शहर के तुवन मंदिर प्रांगण में लगी रहेगी। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और इन योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आमजन उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर आयोजन

# छात्रों ने किया राजघाट जल विद्युत संयंत्र का भ्रमण

**ललितपुर।** विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर, नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत लाइफ विज़न अकैडमी के चुनिंदा छात्र-छात्राओं का एक दल राजघाट जल विद्युत संयंत्र ले जाया गया, जहाँ उन्होंने बिजली उत्पादन की प्रक्रिया की बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया। मुख्य अभियंता, राजघाट जल विद्युत गृह, रघुवेंद्र यादव ने छात्रों को पनबिजली संयंत्र के विभिन्न घटकों जैसे बाँध, जलाशय, टरबाइन, जनरेटर और नियंत्रण कक्ष के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पानी की गतिज ऊर्जा का उपयोग करके टरबाइनों को घुमाया जाता है और फिर यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है।

जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने बताया कि मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को ऊर्जा उत्पादन, विशेष रूप से स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बारे में जागरूक करना और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। राजघाट जल विद्युत संयंत्र जैसी महत्वपूर्ण परियोजना का भ्रमण उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी प्रेरित करेगा। भ्रमण में शामिल हुए बच्चे इस अनुभव से उत्साहित हैं।

## मलखंभ प्रतियोगिता का समापन, विजेता को पदक व शील्ड देकर किया सम्मानित

# पुलिस ने लगातार तीसरी बार जीती चल वैजंती शील्ड

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में 15 से 17 सितम्बर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 13वीं अंतर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में विजयी, उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पदक व शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी ने क्षेत्राधिकारी लाइन्स को ध्वज सौंपा, जहां मुख्य अतिथि को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा बैन्ड पर राष्ट्रगीत की धुनों के साथ मुख्य अतिथि का अभिवादन किया, जिस पर मुख्य अतिथि ने परेड का मान प्रणाम ग्रहण कर सभी कोच व खिलाडियों का परिचय लिया। मलखम्भ प्रतियोगिता में कानपुर जोन कानपुर की जनपद झांसी, जालौन, औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, फतेहगढ व ललितपुर सहित कुल 8 टीमों द्वारा




प्रतिभाग किया, जिसमें जनपद इटावा की टीम कतिपय कारणों से प्रतियोगिता में सम्मिलित नही हो पायी सभी टीमों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने मानव पिरामिड तथा अन्य कलाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता के दौरान जिले की टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व सर्वाधिक 47.40 अंक पाकर लगातार तीसरी बार चल वैजन्ती शील्ड प्राप्त कर झांसी टीम ने 28.20 अंक प्राप्त द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले फायरमैन राकेश कुमार ललितपुर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुआसपु रामऔतार सिंह ललितपुर द्वितीय स्थान तथा आरक्षी वीपी सिंह ललितपुर व आरक्षी विजय पाल ललितपुर द्वारा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजन्ती शील्ड प्राप्त करने वाली विजेता जनपद ललितपुर टीम में मु.आ.स.पु. रामऔतार सिंह, मु.आ.हरिशचन्द्र यादव, आरक्षी विजय पाल, आरक्षी वी.पी. सिंह, आरक्षी लोहा सिंह, संजय कुमार, आरक्षी संगमसिंह यादव, आरक्षी सर्वेश सिंह सेंगर, रनवीर सिंह, फायर मैन राकेश कुमार, फायर मैन हरिहर सिंह, फायर मैन संदीप यादव शामिल रहे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली उपविजेता जनपद झांसी टीम में आरक्षी चालक संदीप, आरक्षी, अमन खांन, आरक्षी नीलेश मैना, आरक्षी क्षेत्रपाल, आरक्षी सन्दीप दुबे, आरक्षी रिषभ राठौर, आरक्षी हरीश शामिल रहे।

मलखम्भ प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में सीओ लाइन सुनील कुमार, सीओ सिटी अजय कुमार, भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला गुलझारी कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र, कशिश, उदघोषक कृष्ण कुमार प्रभारी परिवहन रहे। समापन अवसर पर एएसपी कालू सिंह, सीओ सदर व लाइन्स एवं प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों की अनदेखी से सुठालिया सिंचाई परियोजना में अनियमितताओं का है बोल-बाला

# पुर्नवास कॉलोनी घटिया निर्माण का मामला हवा में छत, निकल रहे कई पिलरों के सरिए

*तीन सालों में नहीं की गई पुनर्वासन एवं पुनव्र्यवस्थापन समिति की बैठक,सिर्फ फार्मलिटी बनकर रह गया एनजीओ*


बड़ा बडला में पिलर के सरियों पर छत।


दूसरे पिलर और छत में भी एक फिट से ज्यादा का है गेप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

तमाम तरह के प्रयासों के बाद भी प्रदेश सरकार की मंशा पर चूना लगाते नजर आ रहे हैं सुठालिया सिंचाई परियोजना के संबंधित अधिकारी। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी अनयिमितता और लापरवाही आए दिन सामने आ ही जाती है। सिंचाई परियोजना में विस्थापितों के लिए बनाई जा रही पुर्नवास कॉलोनी में घटिया निर्माण को लेकर पहले भी समाचार प्रकाशित किए गए थे जब कहीं जाकर सुधार हुआ। अभी फिर मंगलवार को जब हरिभूमि टीम पहुंची तो फिर घटिया निर्माण की तस्वीर सामने आईं। जिसको कोई अधिकारी देखने वाला भी नहीं है। हैरत तो इस बात की है कि सुठालिया सिंचाई परियोजना में पुर्नवास एवं पुर्नरविस्थालन को लेकर मालवा विकास मंडल एनजीओ के उमाशंकर सक्सेना को तीन साल पहले सिर्फ एक बार बैठक मुं बुलाया गया इसके बाद आज तक कोई भी बैठक में एनजीओ को न बुलाकर परियोजना ने आम लोगों के पक्ष की अनदेखी की है।

बात दें कि सुठालिया के ग्राम नालाझिरी के पास बड़ा बड़ला पर सुठालिया सिंचाई परियोजना में विस्थापितों के लिए बनाई जा रही आवासीय कॉलोनी घटिया निर्माण के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है। हालात यह है कि लगभग 800 विस्थापित परिवारों के लिए तैयार की जा रही। ऐसे में निर्माण एजेंसी और परियोजनों के जिम्मेदार की कार्यशैली पर प्रश्न चिंह लगना तय है। घटिया निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच के लिए एनजीओ के उमाशंकर ने मांग की है।

## एनजीओ ने कहा करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत

सुठालिया सिंचाई परियोजना के अधिकृत एनजीओ मालवा विकास मंडल ने परियोजना के अधिकारियों द्वारा तीन सालों में कोई भी बैठक में एनजीओं को न बुलाकर यह सिद्ध कर दिया है कि अधिकारी अपने मन का काम करना चाहते हैं वह किसी और के पक्ष की बात सुनना भी पसंद नही करते। इस बारे में वह सीघ्र कलेक्टर को अवगत कराएंगे।


बने हुए आवासों का गिर रहा प्लास्टर तो कहीं टूटकर झुक गए खिड़की के छज्जे
घटिया निर्माण का पर्याय बनी विस्थापितों के लिए बनाई जा रही पुर्नवास कॉलोनी
मामला सुठालिया सिंचाई परियोजना का
घटिया निर्माण की जांच के लिए भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष कलेक्टर को पूर्व में दे चुके हैं ज्ञापन

पूर्व में भी घटिया निर्माण पर प्रकाशित हुई थी खबर

### खराब निर्माण का प्रतीक बनी लटकती छत

करोड़ों की सिंचाई परियोजना को पुर्नवास आवास के नाम पर चूना लगाने वाली निर्माण एजेंसी और उनका भौतिक सत्यापन करने वाले अधिकारी भी घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार माना जाना चाहिए। अभी तो आवास निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ है तभी घटिया निर्माण के कई सबूत मिलना शुरू हो गए है। हालात यह है कि पिलर से कई सेंटीमीटर या फिट के गेप पर छत डाल दी गई है और ऐसा कोई एक जगह नहीं कई पिलर में देखने मिल जाएगा। इस तरह के अमानक पुर्नवास आवासों में किसानों का पुर्नवास किया जाना उचित है यह निर्णय तो जिम्मेदारों को लेना है।

**इनका कहना है...**

हम समय समय पर जाकर हो रहे निर्माण की जांच करते हैं। और यदि कहीं कोई कमी रहती है तो उसे सुधारा जाता है। इस मामले को भी दिखवा लेता हूं।

कुशाग्र शिवहरे, एसडीओ
सुठालिया सिंचाई परियोजना

### जनप्रतिनिधियों की सक्रियता के बाद भी घटिया निर्माण

सुठालिया सिंचाई परियोजना पर जहां राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार का विशेष ध्यान है और इसके लिए कई बार वह उसका निरीक्षण भी कर आए हैं। इसके बाद भी यदि घटिया निर्माण किया जा रहा है तो फिर अधिकारियों की मानसिक स्थिती को समझा जा सकता है।

नगर में शोक की लहर दौड़ी

# महाराष्ट्र में हुए हादसे में राजगढ़ के 1 युवक की मौत, एक गंभीर

**बकरे-बकरियों से भरे वाहन में ट्राले ने मारी थी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




महाराष्ट्र के पलासनेर के समीप सोमवार रात्रि हुए सड़क हादसे में राजगढ़ के एक युवक की मृत्यु हो गई वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवक की मृत्यु की सूचना राजगढ़ पहुंचने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार बकरे-बकरियों से भरा भारत बेंज वाहन सोमवार शाम राजगढ़ से महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ था। रात्रि करीब 2 बजे महाराष्ट्र के पलासनेर के समीप इस वाहन में पीछे से आ रहे मक्का से भरे ट्राले ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारत बेंज वाहन दो-तीन पलटियां मारते हुए खाई में जा गिरा। दुर्घटना में अफजल मीर उर्फ राजू पिता सलीम उम्र करीब 30 वर्ष निवासी पुरा, राजगढ़ की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में एक अन्य जाहिद पिता वहीद खान निवासी पुरा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### बकरे-बकरियों सहित मक्का भी लूटी

रात्रि के समय हुए इस हादसे के बाद मौके पर फायदा उठाते हुए अज्ञात लोगों ने बकरे-बकरियों को भी चुरा लिया। इसके साथ ही ट्राले में भरी मक्का को भी असामाजिक तत्वों द्वारा लूटे जाने का समाचार है। घटना के बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई। घटना की जानकारी लगने पर मृतक एवं घायलों के परिजन मौके के लिए रवाना हो गए।

### शातिर बाइक चोर गिरफ्तार कर चोरी की 3 मोटर साइकिलें बरामद की

गुना। गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों में तत्परता से कार्यवाहियां कर इन अपराधों के आये दिन खुलाशे किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान और उनकी टीम द्वारा शहर से बाईक चोरी के एक प्रकरण में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए प्रकरण में चोरी हुई बाईक के साथ शातिर बाईक चोर गिरफ्तार किया, साथ ही आरोपी से चोरी की दो और मोटर सायकिलें भी बरामद किये जाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।

# सुरेश नागर बने मिस्टर मध्यप्रदेश 2025 और मिस्टर इंदौर 2025

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर



हाल ही में मांडव के जेएमडी रिसॉर्ट में आयोजित मॉडलिंग आइकॉन स्टार फेस ऑफ इंडिया के ग्रैंड फिनाले में मध्यप्रदेश के सुरेश नागर ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

इस शो का आयोजन प्रसिद्ध शो डायरेक्टर प्रखर शर्मा द्वारा किया गया था, जिसमें पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से चुनिंदा मॉडल्स ने शिरकत की राजगढ़ जिले के खिलचीपुर तहसील के छोटे से गांव खजुरी गोकुल निवासी सुरेश नागर पिता पप्पूलाल नागर ने इंदौर ऑनलाइन ऑडिशन दिया था। इसके बाद वे सेमीफाइनल तक पहुँचे और शानदार प्रदर्शन कर ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित हुए। निर्णायकों ने उनके व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और मंच पर उनकी दमदार प्रेजेन्स को देखते हुए सुरेश को मिस्टर मध्यप्रदेश 2025 और मिस्टर इंदौर स्टार फेस 2025 के खिताब से सम्मानित किया। इस उपलब्धि से सुरेश नागर ने न सिर्फ अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है, बल्कि मध्यप्रदेश के मॉडलिंग जगत में भी नई पहचान बनाई है। सुरेश का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है, आने वाले समय में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने राज्य और देश का नाम ऊँचा करना चाहते हैं।

### बढ़ाई गई आवेदन पत्र भरने की तिथी

**ब्यावरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 2025-26 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के आवेदन -पत्र भरने एवं प्रवेश हेतु परीक्षा संबंधी मार्ग दर्शिका पुस्तिका आदेश 11 जून के अनुसार आवेदन पत्र सामान्य शुल्क के साथ भरने की अंतिम तिथी 15 सितंबर निर्धारित थी जिसे बढाकार 21 सितंबर तक कर दिया गया है।

### 1 महीने से नहीं मिला मेगा मार्ट कर्मचारी

**विदिशा।** एक युवक के एक महीने से लापता होने का मामला सामने आया है। रायसेन जिले के बैजाखेड़ी निवासी सुमित मीणा (22) विदिशा के विशाल मेगा मार्ट में काम करता था।

### कालापीपल की नौ बहनों ने मालवा प्रांत का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल की नौ बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतियोगिता 12 से 16 सितंबर तक छत्तीसगढ़ के चाँपा में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में तीन वर्गों में भाग लिया गया झ तरुण वर्ग, किशोर वर्ग और बाल वर्ग। प्रतियोगिता में शामिल बहनों की सूची इस प्रकार रही। तरुण वर्गः 1. शिवानी मेवाड़ा, किशोर वर्गः निशा

# छत्तीसगढ़ में क्षेत्र स्तरीय खो-खो स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन



मीना, सुरुचि मेवाड़ा, योगेश्वरी चंदेल, चेताली शर्मा, बाल वर्गः दीक्षा मेवाड़ा, रिया मेवाड़ा, जीविका गेहलोत, आरती नायक रहे।

प्रतियोगिता में किशोर और तरुण वर्ग की बहनों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनकर मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया। विशेष रूप से किशोर वर्ग की चार बहनों झ निशा मीना, सुरुचि मेवाड़ा, योगेश्वरी चंदेल व चेताली शर्मा तथा तरुण वर्ग की शिवानी मेवाड़ा का चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु हुआ। यह प्रतियोगिता आगामी 8 से 11 नवम्बर तक उत्तर प्रदेश के हापुड़ में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में मध्य भारत प्रांत, महाकौशल प्रांत व छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रतिनिधियों से मुकाबला करते हुए तीनों मैच जीतकर सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल की बहनों ने विजेता का परचम लहराया। बुधवार को नगर आगमन पर विद्यालय में खिलाड़ियों और खेल शिक्षक विक्रांत शिंदे का पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

## जिले में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




**जीरापुर।** सपने कभी सोने नही देते कुंडलिया पेयजल परियोजना एलएनटी कंपनी द्वारा आठवां मिल जेतपुरा में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। इस समय राजगढ़ ब्लड बैंक में खुन नही है जेसे ही पता लगा तुरन्त राजगढ़ ब्लड बैंक अधिकारी से निवेदन किया एवं 15 तारीख को कैंप आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने राजगढ़ ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए राजगढ़ की टीम निवेदन पर पहुंची जहां पर एलएनटी कंपनी के स्टाफ एवं रक्तदाताओं 51 युनिट का बढ़ चढ़कर रक्तदान किया ब्लड डोनेट का शुभारंभ किया प्रोजेक्ट के प्लानिंग मेनेजर ने रक्त दाताओ का उत्साहवर्धन किया। इस मौकेपर सहित एल एन टी स्टाफ एवं रक्तदाता उपस्थित रहे।

### भैंस के हमले में गंभीर घायल हुई महिला, जटिल सर्जरी से बची जान

**राजगढ़।** ग्राम भवानीपुरा निवासी 55 वर्षीय काशीबाई पर भैंस ने सीगों से हमला कर दिया। घटना के बाद महिला को जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की जटिल सर्जरी कर उनकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब काशीबाई अपनी भैंस को बाहर लेकर जा रही थीं और तभी दूसरी भैंस ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उनके दाहिने पैर की जांघ का पूरा मांस फटकर अलग हो गया, जिससे उनकी हालत बहुत गंभीर हो गई थी। अस्पताल पहुंचते ही काशीबाई को तुरंत भर्ती किया गया एवं सर्जरी स्पेशलिस्ट डॉ. आर.के. कठेरिया एवं टीम ने सर्जरी शुरू की।

## शासकीय हाईस्कूल बावड़ीखेड़ा की शिक्षिका ने दिए प्रिंटर हेतु 15 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तलेन




सोमवार को शासकीय हाईस्कूल बावड़ीखेड़ा में उजमा सुल्ताना पूर्व प्राचार्य एवं किरण साहू की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एईओ केंद्र प्रभारी प्राचार्य शा उमावि तलेन से अशोक पाटीदार एवं संकुल केंद्र प्रभारी प्राचार्य शा उमावि अमलार से शत्रुंजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विदाई कार्यक्रम में किरण साहू मैडम द्वारा विद्यालय को प्रिंटर मशीन के सहयोग हेतु 15 हजार रुपये का फण्ड स्कूल के शाला विकास अकॉउंट में ट्रांसफर किया गया। दोनों शिक्षिकाओं के सहयोग एवं अच्छे कार्यकाल की सराहना विद्यालय परिवार द्वारा की गई।

अनुचित तरीके से ली गई सुविधा पर होगी कार्रवाई

# बीपीएल कार्ड धारकों को नोटिस

**नरसिंहगढ़।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत बीपीएल कार्ड धारक पात्रता पर्ची से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने वाले 419 लाभार्थियों को प्रशासन ने नोटिस जारी किए हैं। इस संबंध में सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता ने बताया कि विभागीय जांच के दौरान कुछ कार्डधारकों की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक होना पाई गई है। साथ ही जांच में कई लोग तो 25 लाख रुपये से अधिक का टर्नओवर रखते हैं या जीएसटी जमा करते हैं।

इसके बावजूद वे बीपीएल कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा रहे थे। इसी के चलते ऐसे 419 कार्डधारकों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलता है तो उनके नाम



पात्रता पर्ची से हटाए जाएंगे। साथ ही जिनकी राशन पर्ची निरस्त होगी, उनसे साल 2019 से 2024 तक मिले पीएमजीकेवाय राशन की वसूली भी की जाएगी।

सारंगपुर के ग्रामों में होगा आयोजन

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान'



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'दुग्ध समृद्धि योजना' अंतर्गत 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। जिसकी जानकारी पशु चिकित्सक डॉ अमित शाक्य ने देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सारंगपुर विकासखंड के सभी ग्रामों में घर-घर पहुंचकर उन्नत नस्ल के पशुओं एवं उन्नतशील पशुपालकों से संवाद करेंगे। अभियान के दौरान पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान एवं नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके।

कीचड़ से सनी सड़क से गुजरने को मजबूर हैं ग्रामीण

# रूपाहेड़ा में सड़क निर्माण की मांग, कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले की जीरापुर जनपद पंचायत के तहत आ रहे रूपाहेड़ा गांव में आवाजाही वाली सड़क की बदहाल हालत के चलते ग्रामीणजन सहित स्कूली बच्चे खासे परेशान हैं। ग्रामीणों सहित बच्चों को मजबूरन कीचड़ भरी राह से गुजरना पड़ता है।

ऐसे में नवीन सड़क निर्माण की मांग लेकर रूपाहेड़ा के अनेकों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टेट पहुंचे। यहां उन्होंने जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपर कलेक्टर को गांव में सीसी सड़क निर्माण करवाने के संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कृपाल सिंह की दुकान से फूलसिंह दांगी के घर तक की सड़क पूरी तरह कीचड़, मिट्टी से सनी हुई है। उक्त समस्या को लेकर पंचायत के सरपंच एवं सचिव को भी अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों रामबाबू दांगी, देवराज दांगी, राजेश दांगी, भंवरलाल दांगी, दिलीप दांगी, दरियाव सिंह, गिर्राज दांगी, शिवसिंह दांगी, बद्रीलाल दांगी, राहुल दांगी, रामप्रसाद दांगी, राधेश्याम दांगी, विष्णु प्रसाद सहित अन्य ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त सड़क का निर्माण करवाया जाए।



### धर्म की रक्षा करो और धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा

**खुजनेर।** गांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक हेमंत बैरागी ने कहा कि चारों धाम करने की आवश्यकता नहीं है अगर आपको चारों धाम का फल चाहिए तो अपने माता-पिता के ही चरणों में अपने माता-पिता की सेवा में ही अपना जीवन गुजार दो आपको चारों धाम का पुण्य मिल जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा के वाचन और श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है। हर प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी और परेशान है। कोई स्वास्थ्य को लेकर दुखी है, कोई परिवार, कोई धन तो कोई संतान को लेकर परेशान है। धर्म रक्षति रक्षा तुम धर्म की रक्षा करो और धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा जीवन में मैं कुछ करने की जरूरत नहीं है बस आपके धर्म की रक्षा करते रहो उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग सब कुछ खुद ही नष्ट हो जाता है।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभागीय बैठक आयोजित

**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमेंद्र गोविल के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा के निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय पर कार्य पूर्ण करें तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच शिविर, जनजागरूकता अभियान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण सहित अन्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा हुई। सेवा पखवाड़ा जनता तक वास्तविक लाभ पहुंचाने का अवसर है। बैठक में नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे,ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चैहान,बीईओ सुरेश वीरमाल, महिलाबाल विकास अधिकारी केदार शर्मा, बीआरसी बीएल वर्मा सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### मोबाइल कोर्ट से दिलाया भूमि पर कब्जा

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा प्रारंभ किए गए मोबाइल कोर्ट नवाचार के माध्यम से राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित एवं आपसी समन्वय से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील राघौगढ़ में एक भूमि विवाद का समाधान किया गया। भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 250 के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 0006/अ-70/2025-26 में न्यायालय तहसीलदार राघोगढ़ द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही आयोजित की गई। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार अमित सोनी की उपस्थिति में ग्राम बहादुरगढ़ निवासी आवेदक इमरतलाल पुत्र कालूराम को उसकी कृषि भूमि खसरा नं. 39/1/1/1 और 39/1/3/1 के कुल कब्जा रखवा 0.199 हेक्टेयर भूमि पर विधिवत कब्जा दिलाया गया। पूर्व में राजस्व विभाग की सीमांकन एवं जांच रिपोर्ट में यह पाया गया था कि उक्त भूमि पर अनावेदक भारतसिंह पुत्र कालूराम द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। न्यायालयीन आदेश के परिपालन में आज मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जा हटवाकर भूमि का वास्तविक कब्जा आवेदक को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर पटवारी यशवर्धन सिंह, लक्ष्मण भील एवं सतीश बुनकर द्वारा मौके पर कार्यवाही संपादित की गई।